an>

Title: Need to provide residential accommodation along with basic amenities to the slum-dwellers residing in vacant plots adjacent to railway lines in the Metropolitan Cities especially in Mumbai.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मुंबई में रेलवे लाइन से सटी बहुत सारी झोपड़पट्टी बहुत सालों से बसी हुई हैं। रेलवे प्रशासन ने इन झोपड़पट्टियों को तोड़ने का काम शुरू किया है। मुंबई शहर में एमयूटीपी और एमयूआईपी के अंतर्गत बहुत सारे लोगों को पर्याप्त जगह देने का काम पूर्व काल में हुआ है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विलास राव देशमुख जी ने केन्द्र सरकार को इस संबंध में एक प्रस्ताव भी भेजा था। राज्य और केन्द्र सरकार को मिलकर इनको पर्याप्त जगह देने की आवश्यकता है। अध्यक्ष जी, कल ही राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सबका साथ, सबका विकास और सबको पक्का घर देने की बात की है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि केन्द्र सरकार सभी राज्य सरकारों को निर्देश दे कि पर्याप्त जगह दिए बिना किसी का भी घर तोड़ा न जाए।